दिनांक 09.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त के0एल0 चौहान ने नगर के प्रमुख मार्गों के दोनों किनारे होने वाले अतिक्रमण पर सक्ती दिखाते हुए जोन आयुक्तों को निर्देशित किया है कि अपने–अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर नये होने वाले अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को तुरंत रोके। व्यवसायिक के रुप में होने वाले अतिक्रमण को नियमित बेदखल करें तथा आवासीय अतिक्रमण को नोटिस देकर मियाद अवधि के पूर्ण होते ही बेदखल करें। बारिश के बाद ऐसे अतिक्रमण हटाये जायेंगे।

कलेक्टर एवं निगम जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में से अवैध निर्माण की प्राप्त शिकायतों पर आयुक्त ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए अधिकारियों को शहर के व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्रों में होंने वाले अवैध निर्माण को तत्काल हटाने को कहा है। उन्होने सड़क किनारे गुमटी अथवा ठेला लगाकर यातायात को बाधित करने वाले लोगों को भी हटाने के निर्देश दिये हैं। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवासीय क्षेत्रों में हुए ऐसे निर्माण जिसे लोग निवास के रुप में उपयोग कर रहें हैं को नोटिस देकर अवैध निर्माण को बेदखल करने की जानकारी देवें।

निगम में वर्तमान में हुए अतिक्रमणों की एक सर्वे सूची भी जोन कार्यालय से मंगाई गई है। उन्होने कहा कि नए अतिक्रमण को रोकना होगा इसकी जिम्मेदारी जोन आयुक्त, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक की होगी। सभी अपने–अपने क्षेत्र की जानकारी जोन आयुक्त को देवेंगे।

जन सम्पर्क अधिकारी